दिन– शनिवार दिनांक– 20 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में अड़तालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज। बावन अभ्यर्थियों ने दाखिल किये हैं पर्चे।

03. तीसरे चरण की रद्द हुई शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए दस से बारह जून के बीच होगा पुनर्परीक्षा का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज बेगूसराय, गोपालगंज, शेखपुरा, खगड़िया और जमुई समेत तेरह जिलों में लू चलने तथा गर्म दिवस रहने की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में अड़तालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह आंकड़ा देशभर में प्रथम चरण के तहत हुये मतदान की तुलना में लगभग चौदह प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में यह आंकड़ा लगभग पांच प्रतिशत कम है। पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत तिरेपन दशमलव चार सात था।

–––बाईट–––

गया संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक बावन प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले जबकि औरंगाबाद और जमुई में पचास–पचास प्रतिशत वोट डाले गये। वहीं, नवादा में सबसे कम इकतालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में प्रथम चरण के मतदान के बाद औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल अड़तीस प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। इस चरण में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, भाजपा के सुशील कुमार सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अरूण भारती, राजद की अर्चना रविदास, भाजपा के विवेक ठाकुर, राजद के कुमार सर्वजीत, श्रवण कुशवाहा और अभय कुशवाहा जैसे दिग्गज राजनेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। मतों की गिनती चार जून को होगी।

कल हुये मतदान के दौरान राज्य में विभिन्न स्थानों से एक लाख बारह हजार एक सौ छब्बीस लीटर शराब जब्त की गयी, जिसका मूल्य लगभग दो करोड़ रूपये है। वहीं, उड़नदस्तों की टीम ने जांच के दौरान इकहत्तर लाख इक्यानवे हजार रूपये से अधिक नकद भी जब्त किया। गड़बड़ी फैलाने के आरोप में छत्तीस लोगों को गिरफ्तार किया गया।

---

राज्य में पहले चरण के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीटों पर सभी दलों ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि एनडीए के उम्मीदवार सभी सीटों पर जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए को कश्मीर से कन्याकुमारी तक अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने इन सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण की सभा सीटों पर राजद जीत रहा है।

---

शेखपुरा के हथियावां गांव में मतदान के बाद हुई हिंसा में चार लोग घायल हो गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

---

पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के बेटे रणधीर सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल छोड़ने की घोषणा की है। सारण के मशरक में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि वे अट्ठाईस अप्रैल को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला करेंगे।

---

विकासशील इंसान पार्टी ने पूर्वी चम्पारण लोकसभा सीट से राजेश कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रवक्ता देव ज्योति ने ये जानकारी दी। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में वीआईपी को तीन सीट– झंझारपुर, गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण मिली है। पार्टी ने पहले ही झंझारपुर और गोपालगंज सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। इस चरण के लिए नामांकन भरने का काम कल शाम समाप्त हो गया। इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल बावन अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया है। सबसे अधिक उन्नीस नामांकन

पत्र अररिया संसदीय क्षेत्र से भरे गये। वहीं, सुपौल में बारह, मधेपुरा में आठ, खगड़िया में सात और झंझारपुर में छह उम्मीदवारों ने नामांकन के पर्चे भरे हैं। इस चरण के तहत उम्मीदवार बाईस अप्रैल तक अपना नामांकन पर्चा वापस ले सकते हैं।

———————————————————————

इधर, चौथे चरण के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। इस चरण के तहत अभ्यर्थी पच्चीस अप्रैल तक नामांकन कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच छब्बीस अप्रैल को होगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————

प्रदेश में दूसरे और तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज भागलपुर के सैंडिस कम्पाउंड में पार्टी प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री गांधी की यह बिहार में पहली चुनावी सभा होगी। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कटिहार और पूर्णियां में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

अब पेश है— लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे पटना और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

पटना जिले में पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इन दोनों ही क्षेत्रों में सातवें चरण के तहत एक मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि किसी प्रकार की सहायता या शिकायत के लिए मतदाता एक नौ पांच शून्य डायल कर सकते हैं।

———बाईट—जिलाधिकारी———

पटना के वरीय पुसिल अधीक्षक राजीव मिश्र ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———बाईट—एसएसपी———

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदाता बने युवाओं में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। आकाशवाणी समाचार के साथ कुछ युवाओं ने अपने विचार साझा किये।

———बाईट——वोटर———

इधर, पटना में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं से संबंधित संशोधित वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर के अनुसार तीसरे चरण की रद्द की गयी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए पुनर्परीक्षा का आयोजन दस से बारह जून के बीच होगा। वहीं, प्रधान

शिक्षकों की नियुक्ति के लिए तेरह जून को और प्रधानाध्यापक के पद के लिए परीक्षा चौदह जून को आयोजित होगी। इन दोनों परीक्षाओं का परिणाम बीस जुलाई को प्रकाशित किया जायेगा। कैलेंडर के अनुसार एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा तीस सितम्बर को आयोजित होगी।

---

तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आज बेगूसराय, गोपालगंज, शेखपुरा, नवादा, खगड़िया और जमुई समेत तेरह जिलों में लू चलने के साथ ही गर्म दिवस रहने की चेतावनी जारी की है। इधर, राजधानी पटना समेत ग्यारह शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में गर्मी बढ़ने की आशंका है।

———बाईट———

---

गर्मी की छुट्टी को देखते हुये पूर्व–मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से उन्नीस जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इनका परिचालन पटना, दानापुर, इस्लामपुर और कटिहार समेत अन्य स्टेशन से कोटा, रांची, उदयपुर और कोलकाता समेत अन्य प्रमुख शहरों के लिए किया जायेगा।

---

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर नालंदा जिले के कुंडलपुर में कल से दो दिवसीय कुंडलपुर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इस महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे।

---

छपरा की एक अदालत ने हत्या के अट्‌ठाईस वर्ष पुराने एक मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई उनतीस अप्रैल को होगी।

---

दरभंगा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी संतोष पासवान को बीस साल कारावास और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

कैमूर जिले के इदिलपुर, जिगना और दुघरा गांव के दर्जनभर किसानों के ढ़ाई सौ बीघा गेहूँ के खेत में आग लगने से फसल जलकर नष्ट हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत हुये मतदान की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिहार में चार सीटों पर अड़तालीस प्रतिशत वोटिंग। अखबार लिखता है तीखी धूप में दिखी लोकतंत्र की प्यास।

हिन्दुस्तान ने कम मतदान प्रतिशत पर लिखा है– बिहार और उत्तर प्रदेश ने चौंकाया। बिहार में सबसे कम मतदान।

दैनिक जागरण ने बांका सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के नामांकन पत्र खारिज होने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– नामांकन रद्द के खिलाफ सुनवाई से अराजकता फैल जायेगी।

प्रभात खबर लिखता है– तीसरे चरण की रद्द शिक्षक नियुक्ति परीक्षा दस से बारह जून को होगी।

राष्ट्रीय सहारा ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है–भीषण लू की चपेट में राजधानी, बयालीस डिग्री पहुंचा पारा।

आज अखबार लिखता है– दिनेश त्रिपाठी होंगे अगले नौ सेना प्रमुख।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में अड़तालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज। बावन अभ्यर्थियों ने दाखिल किये हैं पर्चे।

03. तीसरे चरण की रद्द हुई शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए दस से बारह जून के बीच होगा पुनर्परीक्षा का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज बेगूसराय, गोपालगंज, शेखपुरा, खगड़िया और जमुई समेत तेरह जिलों में लू चलने तथा गर्म दिवस रहने की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।